उत्तर प्रदेश शासन
लोक निर्माण अनुभाग-8
संख्या-06/2021/1/76475/2021-23-8099(099)36/2021
लखनऊ : दिनांक 05 जुलाई, 2021

कार्यालय -ज्ञाप

स्व0 सुशील कुमार मौर्या, तत्कालीन विशेष सचिव, भाषा विभाग, उ0प्र0 शासन की आश्रित पुत्री सुश्री निमिषा मौर्या को मृतक आश्रित के रूप में सेवायोजित किये जाने हेतु प्रमुख अभियन्ता कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के अधीन वित्त नियंत्रक कार्यालय के अन्तर्गत विशेष कार्याधिकारी का एक नि:संवर्गीय पद वेतनमान पे मेट्रिक्स-7 रू0 44900-1,42,400 (ग्रेड पे रू0 4600/-) सृजित किये जाने तथा सृजित किये जा रहे विशेष कार्याधिकारी के उक्त नि:संवर्गीय पद पर सुश्री निमिषा मौर्या, पुत्री स्व0 सुशील कुमार मौर्या(आई0ए0एस0 2009 बैच) को मृतक आश्रित के रूप में नियुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :-

(1) सृजित पद के पदधारक द्वारा त्याग पत्र देने अथवा अन्य किसी विभाग में जाने अथवा उनकी मृत्यु होने अथवा अन्य किसी कारण से रिक्त होने पर यह सृजित पद उसी तिथि को स्वत: समाप्त हो जायेगा।

(2) उक्त पद के पदधारक को शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अन्तर्गत महंगाई भत्ता व अन्य भत्तें, जो भी अनुमन्य हो, देय होंगे।

(3) विशेष कार्याधिकारी के सृजित उक्त नि:संवर्गीय पद पर सुश्री निमिषा मौर्या की तैनाती उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से मानी जायेगी।

2- उक्त पद पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-2022 के अनुदान संख्या-54 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2059-लोक निर्माण कार्य-80-सामान्य-001-निदेशन और प्रशासन-03-निदेशन के अन्तर्गत सुसंगत मानक इकाईयों के नामें डाला जायेगा ।

3- ये आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या- ई-10-1335178/दस-2021, दिनांक 02 जुलाई, 2021 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

डॉ0 चन्द्र भूषण
विशेष सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
2- महालेखाकार(लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नियुक्ति विभाग/भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4- प्रमुख अभियन्ता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को उनके पत्र संख्या-236ईएजी/28ईए(ओएसडी)/2021, दिनांक 16-03-2021 के संदर्भ में।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- मुख्य अभियन्ता(मुख्यालय-1/2/वाद) लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10, उ0प्र0 शासन।
9- वित्त(वेतन आयोग) अनुभाग-1/2, उ0प्र0 शासन।
10- सुश्री निमिषा मौर्या पुत्री स्व0 सुशील कुमार मौर्या, निवासी- मकान नं0-34, लक्ष्मणपुरी, निकट विज मार्केट, फैजाबाद रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ को इस आशय से कि वे प्रमुख अभियन्ता कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ में कार्यभार ग्रहण करने का कष्ट करें।
11- गार्ड फाइल।

आज्ञा से
डॉ0 चन्द्र भूषण
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in